भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2685
दिनांक 05 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

महाराष्ट्र में ई-पंचायत परियोजना

2685. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत महाराष्ट्र में ग्राम पंचायतों को राज्यवार कितनी निधि आवंटित और संवितरित की गई है;

(ख) क्या ई-पंचायत परियोजना के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों को कम्प्यूटर, इंटरनेट और प्रशिक्षण जैसी डिजिटल सुविधाएं प्रदान की गई हैं, यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र की सभी ग्राम पंचायतों में ई-पंचायत परियोजना का प्रभाव मूल्यांकन सरकारी मूल्यांकन द्वारा किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो राज्य-वार इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) महाराष्ट्र सहित राज्यों में ग्रामीण स्थानीय निकायों को पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान का वर्षवार आवंटन और वितरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

वित्त मंत्रालय, सभी राज्यों को पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान, पंचायती राज मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर अबद्ध (अनटाइड) अनुदान और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर बद्ध (टाइड) अनुदान जारी करता है। ये अनुदान ग्रामीण स्थानीय निकायों के सभी स्तरों के बीच राज्य सरकार द्वारा नवीनतम राज्य वित्त आयोग (एसएफसी) की स्वीकृत सिफारिशों के आधार पर और केंद्रीय वित्त आयोग के मानकों के अनुरूप हस्तांतरित किए जाते हैं।

महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में ग्राम पंचायतों को वितरित की गई वर्षवार धनराशि निम्नानुसार है: -

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	वितरित धनराशि
1	2020-21	466160.00
2	2021-22	344560.00
3	2022-23	353742.00
4	2023-24	348002.36
5	2024-25	302709.75
	कुल	1815174.11

(ख) पंचायती राज मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक केंद्र प्रायोजित योजना संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) का क्रियान्वयन कर रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को ई-पंचायत सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करके पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को सशक्त बनाना है, ताकि वे नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए अपनी शासन क्षमताओं का विकास कर सकें और पंचायतों को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बना सकें। इस योजना के तहत, मंत्रालय ग्राम पंचायतों के प्रभावी कामकाज के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को सीमित स्तर पर सहायता भी प्रदान करता है, जैसे कि ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण, कंप्यूटर और सामान्य सेवा केंद्रों को ग्राम पंचायत भवनों के साथ स्थापित करना, जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के घटकों में से एक है।

इस योजना के अंतर्गत अनुमोदित कंप्यूटरों की राज्यवार स्थिति **अनुबंध-II** में दी गई है और संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रतिभागियों की स्थिति **अनुबंध-III** में दी गई है।

डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए, दूरसंचार विभाग द्वारा देश की सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने हेतु भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। अब तक, कुल 2.63 लाख ग्राम पंचायतों और पारंपरिक स्थानीय निकायों में से, 2.18 लाख ग्राम पंचायतों/पारंपरिक स्थानीय निकायों को भारतनेट परियोजना के तहत उच्च गति की इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार (service-ready) किया गया है। डिजिटल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए, भारतनेट चरण- । और चरण- ॥ के मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन और शेष ग्राम पंचायतों में नेटवर्क के निर्माण के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को 04.08.2023 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था। बीएसएनएल को परियोजना प्रबंधन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। यह सुविधा लेने के लिए, ग्राम पंचायतों को ई-ग्रामस्वराज के माध्यम से सीधे बीएसएनएल फाइबर-टू-होम कनेक्शन के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाया गया है।

(ग) और (घ) मंत्रालय उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर और परामर्शात्मक, प्रतिक्रिया-आधारित दृष्टिकोण अपनाकर ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना की प्रभावशीलता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और भविष्य के विकास को प्राथमिकता देने के लिए, क्षेत्रीय कार्यशालाओं और हितधारक परामर्शों सहित विभिन्न स्तरों पर उपयोगकर्ताओं से नियमित प्रतिक्रिया एकत्र की जाती है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की उपयोगिता और प्रभाव को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकारों और पंचायत पदाधिकारियों से प्राप्त फीडबैक को नियमित रूप से शामिल किया जाता है। इन प्रयासों के तहत, मंत्रालय ने हितधारकों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए शिमला, हैदराबाद और गुवाहाटी में क्षेत्रीय कार्यशालाएँ आयोजित की हैं। अपने ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों को मज़बूत करने के लिए विचार-विमर्श और एक रोडमैप तैयार करने हेतु, मंत्रालय ने नई दिल्ली में जनवरी 2023 को एक उद्योग जगत के साथ परामर्श कार्यक्रम, "मंथन" का भी आयोजन किया। महाराष्ट्र और लखनऊ में भी हितधारकों के साथ केंद्रित बातचीत आयोजित की गई। इसके अलावा, राज्य सरकारों के साथ सक्रिय जुड़ाव बनाए रखने के लिए कई ऑनलाइन बैठकें आयोजित की गईं। ये बातचीत, ज़मीनी स्तर की आवश्यकताओं के अनुरूप, प्रणाली में सुधार और युक्तिकरण के लिए कार्रवाई योग्य फीडबैक एकत्र करने में सहायक रही हैं।

प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि जमीनी स्तर पर डिजिटल को अपनाने में वृद्धि हुई है, योजना और लेखांकन में पारदर्शिता बढ़ी है, तथा पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से सेवाओं की आपूर्ति में दक्षता बढ़ी है।

***

अनुबंध-I

(दिनांक 05.08.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2685 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध)

पिछले पांच वर्षों के दौरान पंचायतों और ग्रामीण स्थानीय निकायों को पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान का राज्यवार आवंटन और जारी धनराशि का विवरण

(करोड़ रुपये में)

क्र.स.	राज्य	2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि
1	आंध्र प्रदेश	2625.00	2625.00	1939.00	1917.85	2010.00	1976.75	2031.00	1997.45	2152.00	2109.97
2	अरुणाचल प्रदेश	231.00	231.00	170.00	170.00	177.00	35.40	179.00	0.00	189.00	0.00
3	असम	1604.00	1604.00	1186.00	1186.00	1228.00	1228.00	1241.00	1241.00	1315.00	0.00
4	बिहार	5018.00	5018.00	3709.00	3709.00	3842.00	3842.00	3884.00	3855.33	4114.00	4109.01
5	छत्तीसगढ़	1454.00	1454.00	1075.00	1075.00	1114.00	1114.00	1125.00	1125.00	1192.00	1185.25
6	गोवा	75.00	75.00	55.00	55.00	57.00	48.46	58.00	21.55	62.00	0.00
7	गुजरात	3195.00	3195.00	2362.00	2362.00	2446.00	2446.00	2473.00	2473.00	2619.00	1271.50
8	हरियाणा	1264.00	1264.00	935.00	935.00	968.00	967.30	979.00	953.59	1036.00	1012.51
9	हिमाचल प्रदेश	429.00	429.00	317.00	317.00	329.00	329.00	332.00	318.04	352.00	229.19
10	झारखंड	1689.00	1689.00	1249.00	1249.00	1293.00	1293.00	1307.00	1307.00	1385.00	0.00
11	कर्नाटक	3217.00	3217.00	2377.00	2375.50	2463.00	2093.55	2490.00	2086.59	2637.00	2133.25
12	केरल	1628.00	1628.00	1203.00	1203.00	1246.00	1246.00	1260.00	1260.00	1334.00	1334.00
13	मध्य प्रदेश	3984.00	3984.00	2944.00	2944.00	3050.00	3050.00	3083.00	2819.24	3265.00	1629.45
14	महाराष्ट्र	5827.00	5827.00	4307.00	4267.16	4461.00	3696.71	4510.00	3629.21	4776.00	3169.72
15	मणिपुर	177.00	177.00	131.00	65.50	135.00	0.00	137.00	0.00	145.00	0.00
16	मेघालय	182.00	182.00	135.00	67.50	140.00	0.00	141.00	0.00	149.00	0.00
17	मिजोरम	93.00	93.00	69.00	69.00	71.00	71.00	72.00	0.00	76.00	0.00
18	नगालैंड	125.00	125.00	92.00	92.00	96.00	48.00	97.00	0.00	102.00	0.00
19	ओडिशा	2258.00	2258.00	1669.00	1669.00	1728.00	1728.00	1747.00	1746.91	1851.00	1851.00
20	पंजाब	1388.00	1388.00	1026.00	1026.00	1062.00	1062.00	1074.00	1058.35	1138.00	788.90
21	राजस्थान	3862.00	3862.00	2854.00	2854.00	2957.00	2955.34	2989.00	2847.96	3166.00	2803.69
22	सिक्किम	42.00	42.00	31.00	31.00	33.00	33.00	33.00	33.00	35.00	32.34
23	तमिलनाडु	3607.00	3607.00	2666.00	2666.00	2761.00	2761.00	2791.00	2791.00	2957.00	2270.74
24	तेलंगाना	1847.00	1847.00	1365.00	1365.00	1415.00	1415.00	1430.00	1424.18	1514.00	0.00

क्र.स.	राज्य	2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि	आवंटन	जारी धनराशि
25	त्रिपुरा	191.00	191.00	141.00	141.00	147.00	147.00	148.00	148.00	157.00	156.31
26	उत्तर प्रदेश	9752.00	9752.00	7208.00	7208.00	7466.00	7466.00	7547.00	7547.00	7994.00	7994.00
27	उत्तराखंड	574.00	574.00	425.00	418.70	440.00	439.21	445.00	444.13	471.00	234.91
28	पश्चिम बंगाल	4412.00	4412.00	3261.00	3261.00	3378.00	3378.00	3415.00	3415.00	3617.00	3472.22
	कुल	60750.00	60750.00	44901.00	44699.22	46513.00	44869.71	47018.00	44542.51	49800.00	37787.97

(दिनांक 05.08.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2685 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध)

संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कंप्यूटरों की स्थिति

क्र. सं.	राज्य / केंद्र शासित प्रदेश	2022-23 में अनुमोदित कंप्यूटर	2023-24 में अनुमोदित कंप्यूटर	2024-25 में अनुमोदित कंप्यूटर
1	आंध्र प्रदेश	500	0	1422
2	अरुणाचल प्रदेश	800	0	400
3	असम	500	0	687
4	बिहार	267	0	2000
5	छत्तीसगढ़	0	600	5896
6	गोवा	0	0	0
7	गुजरात	0	0	0
8	हरियाणा	0	0	1363
9	हिमाचल प्रदेश	334	0	0
10	जम्मू और कश्मीर	318	1000	0
11	झारखंड	240	0	2066
12	कर्नाटक	0	0	0
13	केरल	0	0	0
14	मध्य प्रदेश	0	0	289
15	महाराष्ट्र	0	0	945
16	मणिपुर	60	0	81
17	मेघालय	1177	500	0
18	मिजोरम	591	0	0
19	नागालैंड	244	0	151
20	ओडिशा	0	50	100
21	पंजाब	0	0	8334
22	राजस्थान	1554	0	0
23	सिक्किम	185	50	0
24	तमिलनाडु	0	0	1594
25	तेलंगाना	1812	0	1640
26	त्रिपुरा	475	0	0
27	उत्तर प्रदेश	3145	0	0
28	उत्तराखंड	0	500	3760
29	पश्चिम बंगाल	0	0	112
केंद्र शासित प्रदेश				
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0	0	4
32	लक्षद्वीप	0		0
33	लद्दाख	63	60	4
34	पुडुचेरी	0	0	0
	कुल	**12265**	**2760**	**30848**

(दिनांक 05.08.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2685 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध)

संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण

क्र. सं.	**राज्य / केंद्र शासित प्रदेश**	2022-23	2023-24	2024-25
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1874	2865	5221
2	आंध्र प्रदेश	649156	165001	325643
3	अरुणाचल प्रदेश	3,711	6138	12344
4	असम	227733	348183	144936
5	बिहार	404406	163809	435896
6	छत्तीसगढ़	121099	163292	90559
7	दादरा और नगर हवेली	575	1000	1073
8	दमन और दीव			
9	गोवा	1777	3548	4519
10	गुजरात	250	1938	90368
11	हरियाणा	4859	12431	11909
12	हिमाचल प्रदेश	9531	92458	120455
13	जम्मू और कश्मीर	284138	350026	82534
14	झारखंड	8302	54056	135817
15	कर्नाटक	213467	363317	321380
16	केरल	179478	149153	129632
17	लद्दाख	0	0	26
18	लक्षद्वीप	0	0	0
19	मध्य प्रदेश	281610	86884	242279
20	महाराष्ट्र	1041165	984321	363111
21	मणिपुर	894	5591	195
22	मेघालय	11,588	74410	78537
23	मिजोरम	2659	9800	9841
24	नागालैंड	1832	3435	4725
25	ओडिशा	79116	160774	279505
26	पुडुचेरी	0	0	0
27	पंजाब	36378	13359	122848
28	राजस्थान	2481	96389	71795
29	सिक्किम	13,552	11249	6709
30	तमिलनाडु	106560	101513	78490
31	तेलंगाना	14506	2441	1701
32	त्रिपुरा	7743	63715	54228
33	उत्तराखंड	48241	144374	22342
34	उत्तर प्रदेश	263409	82712	76302
35	पश्चिम बंगाल	174974	272762	228081
	एनआईडीपीआर और अन्य	5229	1438	1941
कुल		4202293	3992382	3554942

***